दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 04.07.2025

# नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत पर किया यज्ञ



**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर में गुरुवार को अष्टमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती पूजन यज्ञ का आयोजन हुआ। संगीत एवं नृत्य विभाग की ओर से किया गया। उद्देश्य था नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत। कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत हैं। यह परंपराओं को जीवित रखते हैं। शिक्षा में नवचेतना लाते हैं। उन्होंने कहा, विश्वविद्यालय नवाचार, शोध, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने विश्वविद्यालय के आध्यात्मिक और समृद्ध वातावरण की सराहना की। इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स डॉ. विशाल वर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेश बंसल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. जसवीर सिंह, डॉ. कुलदीप नारा, डॉ. आनंद मालिक, डॉ. अनुपम भाटिया, डॉ. अजमेर, डॉ. जितेन्द्र, डॉ. अनिल, डॉ. विजय, डॉ. जसमेर, डॉ. जगपाल, डॉ. अल्का सेठ और डॉ. रितु आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि

Date: 04.07.2025

# सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया

- सकारात्मक ऊर्जा के निरंतर प्रवाह के लिए धार्मिक अनुष्ठान आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

चौधरी रणबीर सिंह विवि के प्रांगण में अष्टमी के पावन अवसर पर संगीत एवं नृत्य विभाग द्वारा मां सरस्वती पूजन यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन मां सरस्वती के आशीर्वाद से नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की मंगल कामना हेतु संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. डा. रामपाल सैनी ने कहा कि सकारात्मक ऊर्जा के निरंतर प्रवाह के लिए धार्मिक अनुष्ठान आवश्यक हैं। यह न केवल हमारी परंपराओं को सजीव रखते हैं बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी नवचेतना का संचार करते हैं।



जींद। यज्ञ में आहुति डालते वीसी। फोटो: हरिभूमि

कहा कि विवि प्रदेश में ही नहीं देश में भी अपना नाम रोशन करेगा, विवि में नवाचार, गुणात्मक शोध, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां के साथ-साथ विद्यार्थियों के चौमुखी विकास के लिए प्रयासरत रहेगा। विवि परिवार को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं देते छात्रों को कर्तव्यनिष्ठा व सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने भी सभी को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दी और विश्वविद्यालय के समृद्ध एवं आध्यात्मिक परिवेश की सराहना की। पूजन यज्ञ में विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थीगण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हवन में आहुति डाल कर शुभारंभ की कामना की।

**INDIA TIMER** Date: 04.07.2025

# माँ सरस्वती के आशीर्वाद से सीआरएसयू करेगा नए आयाम स्थापित : वीसी



## सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह के लिए धार्मिक अनुष्ठान आवश्यक

**जींद, ब्यूरो (इंडिया टाइमर) :** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के प्रांगण में गुरूवार को अष्टमी के पावन अवसर पर संगीत एवं नृत्य विभाग द्वारा मां सरस्वती पूजन यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन मां सरस्वती के आशीर्वाद से नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की मंगल कामना हेतु संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने कहा, सकारात्मक ऊर्जा के निरंतर प्रवाह के लिए धार्मिक अनुष्ठान आवश्यक हैं। यह न केवल हमारी परंपराओं को सजीव रखते हैं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी नवचेतना का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रदेश में ही नहीं देश में भी अपना नाम रोशन करेगा, विश्वविद्यालय में नवाचार, गुणात्मक शोध, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां के साथ साथ विद्यार्थियों के चौमुखी विकास के लिए प्रयासरत रहेगा। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं देते हुए छात्रों को कर्तव्यनिष्ठा व सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने समृद्ध एवं आध्यात्मिक परिवेश की सराहना की। पूजन यज्ञ में विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थीगण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हवन में आहुति डालकर शुभारंभ की कामना की। इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स डॉ. विशाल वर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेश बंसल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. जसवीर सिंह, डॉ. कुलदीप नारा, डॉ. आनंद मालिक, डॉ. अनुपम भाटिया, डॉ. अजमेर, डॉ. जितेन्द्र, डॉ. अनिल, डॉ. विजय, डॉ. जसमेर, डॉ. जगपाल, डॉ. अल्का सेठ तथा डॉ. रितु सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन संगीत एवं नृत्य विभाग के डॉ. कृष्ण, डॉ. भावना तथा डॉ. कविता की देखरेख में हुआ।

दैनिक सत् समाचार
नई सोच नया जोश

Date: 04.07.2025

# माँ सरस्वती के आशीर्वाद से नव सत्र 2025-26 में सी. आर.एस.यू करेगा नए आयाम स्थापित-डा.रामपाल सैनी

जींद/सचिन चाँदपुर/ब्यूरो चीफ
चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के प्रांगण में आज अष्टमी के पावन अवसर पर संगीत एवं नृत्य विभाग द्वारा ष्मां सरस्वती पूजन यज्ञष का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन मां सरस्वती के आशीर्वाद से नए शैक्षणिक सत्र 2025–26 की मंगल कामना हेतु संपन्न हुआ।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ.रामपाल सैनी जी ने कहा, सकारात्मक ऊर्जा के निरंतर प्रवाह के लिए धार्मिक अनुष्ठान आवश्यक हैं। यह न केवल हमारी परंपराओं को सजीव रखते हैं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी नवचेतना का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रदेश में ही नहीं देश में भी अपना नाम रोशन करेगा, विश्वविद्यालय में नवाचार, गुणात्मक शोध, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां के साथ साथ विद्यार्थियों के चौमुखी विकास के लिए प्रयासरत रहेगाष उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं देते हुए छात्रों को कर्तव्यनिष्ठा व सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने भी सभी को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दीं और विश्वविद्यालय के समृद्ध एवं आध्यात्मिक परिवेश की सराहना की।पूजन यज्ञ में विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैर–शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थीगण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हवन में आहुति डालकर शुभारंभ की कामना की।इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स डॉ. विशाल वर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेश बंसल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. जसवीर सिंह, डॉ. कुलदीप नारा, डॉ. आनंद मालिक, डॉ. अनुपम भाटिया, डॉ. अजमेर, डॉ. जितेन्द्र (एस्टेट ऑफिसर), डॉ. अनिल, डॉ. विजय (निदेशक, जनसंपर्क विभाग), डॉ. जसमेर, डॉ. जगपाल, डॉ. अल्का सेठ तथा डॉ. रितु सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन संगीत एवं नृत्य विभाग के डॉ. भावना, डॉ. कृष्ण तथा डॉ. कविता की देखरेख में हुआ।कुलगुरु ने समस्त प्रतिभागियों को शुभ आशीर्वाद प्रदान करते हुए आह्वान किया कि सभी मिलकर नए सत्र में विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने हेतु संकल्पित हों।



अजीत समाचार

Date: 04.07.2025

# मां सरस्वती के आशीर्वाद से नव सत्र 2025-26 में सी.आर.एस.यू. करेगा नए आयाम स्थापित : प्रो. सैनी



दीप प्रज्वलित करने का दृश्य।

जींद, 3 जुलाई (सुरेश सिसोदिया): चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के प्रांगण में आज अष्टमी के पावन अवसर पर संगीत एवं नृत्य विभाग द्वारा 'मां सरस्वती पूजन यज्ञ' का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन मां सरस्वती के आशीर्वाद से नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की मंगल कामना हेतु संपन्न हुआ।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) रामपाल सैनी ने कहा, 'सकारात्मक ऊर्जा के निरंतर प्रवाह के लिए धार्मिक अनुष्ठान आवश्यक हैं। यह न केवल हमारी परंपराओं को सजीव रखते हैं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी नवचेतना का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रदेश में ही नहीं देश में भी अपना नाम रोशन करेगा, विश्वविद्यालय में नवाचार,

## मां सरस्वती पूजन यज्ञ आयोजित

गुणात्मक शोध, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां के साथ साथ विद्यार्थियों के चौमुखी विकास के लिए प्रयासरत रहेगा'। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं देते हुए छात्रों को कर्तव्यनिष्ठा व सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने भी सभी को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दीं और विश्वविद्यालय के समृद्ध एवं आध्यात्मिक परिवेश की सराहना की।

पूजन यज्ञ में विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थी गण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हवन में आहुति डालकर शुभारंभ की कामना की। इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स डॉ. विशाल वर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेश बंसल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. जसवीर सिंह, डॉ. कुलदीप नारा, डॉ. आनंद मालिक, डॉ. अनुपम भाटिया, डॉ. अजमेर, डॉ. जितेन्द्र (एस्टेट ऑफिसर), डॉ. अनिल, डॉ. विजय (निदेशक, जनसंपर्क विभाग), डॉ. जसमेर, डॉ. जगपाल, डॉ. अल्का सेठ तथा डॉ. रितु सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन संगीत एवं नृत्य विभाग के डॉ. कृष्ण, डॉ. भावना तथा डॉ. कविता की देखरेख में हुआ। कुलपति ने समस्त प्रतिभागियों को शुभ आशीर्वाद प्रदान करते हुए आह्वान किया कि सभी मिलकर नए सत्र में विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने हेतु संकल्पित हों।

पंजाब केसरी

Date: 04.07.2025

# नव सत्र में सी.आर.एस.यू. करेगा नए आयाम स्थापित : प्रोफैस्सर डॉ. रामपाल सैनी



*हवन-यज्ञ में आहुति डालते वी.सी.।*

जींद, 3 जुलाई (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के प्रांगण में अष्टमी के पावन अवसर पर संगीत एवं नृत्य विभाग द्वारा मां सरस्वती पूजन यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन मां सरस्वती के आशीर्वाद से नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की मंगल कामना हेतु संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफैसर डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि सकारात्मक ऊर्जा के निरंतर प्रवाह के लिए धार्मिक अनुष्ठान आवश्यक हैं। यह न केवल हमारी परंपराओं को सजीव रखते हैं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी नवचेतना का संचार करते हैं।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रदेश में ही नहीं देश में भी अपना नाम रोशन करेगा, विश्वविद्यालय में नवाचार, गुणात्मक शोध, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां के साथ-साथ विद्यार्थियों के चौमुखी विकास के लिए प्रयासरत रहेगा।

उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं देते हुए छात्रों को कर्त्तव्यनिष्ठा व सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया।

विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने भी सभी को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दीं और विश्वविद्यालय के समृद्ध एवं आध्यात्मिक परिवेश की सराहना की। पूजन यज्ञ में विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थीगण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हवन में आहुति डालकर शुभारंभ की कामना की।

इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स डॉ. विशाल वर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेश बंसल, डीन स्टूडैंट वैल्फेयर डॉ. जसवीर सिंह, डॉ. कुलदीप नारा, डॉ. आनंद मालिक, डॉ. अनुपम भाटिया, डॉ. अजमेर, डॉ. जितेन्द्र (एस्टेट ऑफिसर), डॉ. अनिल, डॉ. विजय (निदेशक, जनसंपर्क विभाग), डॉ. जसमेर, डॉ. जगपाल, डॉ. अल्का सेठ तथा डॉ. रितु सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन संगीत एवं नृत्य विभाग के डॉ. कृष्ण, डॉ. भावना तथा डॉ. कविता की देख-रेख में हुआ।

जागरण

Date: 04.07.2025

संक्षिप्त समाचार

# सकारात्मक ऊर्जा के लिए धार्मिक अनुष्ठान जरूरी : डा. सैनी



चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कुलगुरु डा. रामपाल सैनी। • सौ. विश्वविद्यालय

जासं • जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में वीरवार को अष्टमी के पावन अवसर पर संगीत एवं नृत्य विभाग द्वारा मां सरस्वती पूजन यज्ञ का आयोजन किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु डा. रामपाल सैनी ने कहा कि सकारात्मक ऊर्जा के निरंतर प्रवाह के लिए धार्मिक अनुष्ठान आवश्यक हैं। यह न केवल हमारी परंपराओं को सजीव रखते हैं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी नवचेतना का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रदेश में ही नहीं देश में भी अपना नाम रोशन करेगा, विश्वविद्यालय में नवाचार, गुणात्मक शोध, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां के साथ साथ विद्यार्थियों के चौमुखी विकास के लिए प्रयासरत रहेगा। पूजन यज्ञ में विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हवन में आहुति डालकर शुभारंभ की कामना की। इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स डा. विशाल वर्मा, परीक्षा नियंत्रक डा. राजेश बंसल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. जसवीर सिंह, डा. कुलदीप नारा, डा. आनंद मालिक, डा. अनुपम भाटिया, डा. अजमेर, डा. जितेंद्र, डा. अनिल, डा. विजय, डा. जसमेर, डा. जगपाल, डा. अल्का सेठ तथा डा. रितु उपस्थित रहे।